भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1964

दिनांक 29 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर

1964. श्री कार्ती पी॰ चिदम्बरमः

श्री दुष्यंत सिंहः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर की कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) हाल में डेटा संग्रहण प्रक्रिया में कौन से मापदंडों को माना जा रहा है;

(ग) क्या एडब्ल्यूडी से स्कूल स्तर तक डेटा का एकीकरण किया गया है और यदि हां, तो वे कौन से राज्य हैं जिनके पास वह प्रणाली है जहां दो डेटाबेस एक दूसरे से बैक एंड पर जुड़े हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या इसके लिए कोई योजना है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) : 28.11.2019 की स्थिति के अनुसार 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 324 जिलों में 551270 आंगनवाड़ी केंद्रों में आईसीडीएस सामान्य एप्लीकेशन सॉप्टवेयर (आईसीडीएस-सीएएस) शुरू किया गया है । ब्यौरा अनुलग्नक-। में दिया गया है ।

(ख) : आईसीडीएस-सामान्य एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर पोषण अभियान के अंतर्गत विकसित किया गया है जो अन्य बातों के साथ बच्चों के वज़न एवं कद, आंगनवाड़ी केंद्र के खुलने, घर ले जाने वाले राशन के वितरण और आंगनवाड़ी में स्कूल-पूर्व शिक्षा के लिए बच्चों की हाजरी पर डाटा प्राप्त करता है ।

(ग) और (घ) : यह एप्लीकेशन संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों (3-6 वर्ष) की स्कूल-पूर्व शिक्षा में उपस्थिति से संबंधित डाटा प्राप्त करता है । इस समय आंगनवाड़ी केंद्र से स्कूल स्तर तक डाटा के एकीकरण की कोई योजना नहीं है ।

*****

अनुलग्नक-।

'कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर' वषय पर श्री कार्ती पी॰ चदम्बरम और श्री दुष्यंत संह द्वारा दिनांक **29** नवम्बर, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1964 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	क्रयाशील आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या	आंगनवाड़ी केंद्र जिन्होंने **26.11.2019** की स्थिति के अनुसार आईसीडीएस-सीएएस शुरु कया है
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	720	715
2	आंध्र प्रदेश	55607	55586
3	असम	62153	9200
4	बिहार	104090	59314
5	चंडीगढ़	450	450
6	छत्तीसगढ़	51301	10473
7	दादरा और नगर हवेली	302	303
8	दमन और दीव	107	102
9	दिल्ली	10897	9434
10	गोवा	1262	999
11	गुजरात	53029	52932
12	हिमाचल प्रदेश	18925	18864
13	झारखंड	38432	11133
14	केरल	33244	13913
15	लक्षद्वीप	107	13
16	मध्य प्रदेश	97135	27811
17	महाराष्ट्र	110219	109624
18	मेघालय	5896	5815
19	मजोरम	2244	2244
20	नागालैंड	3980	3682
21	पुद्दुचेरी	855	848
22	राजस्थान	61974	20798
23	सक्किम	1308	821
24	तमलनाडु	54439	54401
25	तेलंगाना	35634	11157
26	उत्तर प्रदेश	187997	51801
27	उत्तराखंड	20067	18837
	कुल	**10,12,374**	**5,51,270**